भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 1710

गुरुवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

'ओपन स्काई' नीति का प्रभाव

1710. श्री मलविंदर सिंह कंग:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा अपनाई गई 'ओपन स्काई' नीति देश के पर्यटन क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का उक्त नीति पर पुनर्विचार करने का विचार है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) पर्यटन क्षेत्र पर इसके प्रभाव को कम करने के लिए क्या कदम उठाए जाने का विचार है?

<u>उत्तर</u>
<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)</u>

(क) ओपन स्काई समझौते दो देशों के बीच हवाई संपर्क के संवर्धन को सक्षम बनाते हैं। वे दोनों देशों के नामित वाहकों को संबंधित हवाईअड्डों पर स्लॉट की उपलब्धता के अनुसार असीमित परिचालन करने में सहायता करते हैं। ये समझौते भारतीय वाहकों के साथ-साथ अन्य देशों के वाहकों को भारत और संबंधित देशों के बीच परिचालन में वृद्धि का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे हवाई संपर्क में वृद्धि होती है, जो पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए सकारात्मक वातावरण प्रदान करता है।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता।

******